भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2171

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

दरभंगा में एम्स के निर्माण की स्थिति

2171. श्री सुधाकर सिंहः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार के दरभंगा में प्रस्तावित एम्स की वर्तमान स्थिति क्या है और इस परियोजना के लिए अब तक दी गई कुल वित्तीय स्वीकृति और आज तक इस पर किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एम्स दरभंगा का निर्माण कार्य परिकल्पित रूप में आगे नहीं बढ़ा है और प्रधानमंत्री द्वारा यह घोषणा किए जाने के बावजूद कि यह परियोजना तीन वर्षों के भीतर पूरी हो जाएगी, डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार शुरू नहीं हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का एम्स दरभंगा के निर्माण में तेजी लाने और इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए किसी समयबद्ध कार्ययोजना को लागू करने का विचार है और यदि हां, तो इसके निर्माण और कार्यशील होने की समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): सरकार ने दिनांक 15.09.2020 को ₹ 1264 करोड़ की अनुमानित लागत से दरभंगा में नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की थी। प्रारंभ में आवंटित भूमि में परिवर्तन के उपरांत, बिहार सरकार ने सितंबर, 2024 में 187.44 एकड़ भूमि परियोजना हेतु हस्तांतरित कर दी। विस्तृत भू-तकनीकी जांच, जल-विज्ञान संबंधी तथा अन्य तकनीकी अध्ययनों के आधार पर मास्टर प्लान को अनुमोदित कर दिया गया है।

दिनांक 25.03.2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एम्स, दरभंगा की परियोजना को पूर्ण करने के लिए संशोधित लागत अनुमान ₹ 2006.07 करोड़ का अनुमोदन किया है। संशोधित अनुमान के अनुमोदन की तिथि से परियोजना को पूर्ण करने के लिए 40 माह की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

अब तक, परियोजना से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए ₹ 30.63 करोड़ की राशि का उपयोग किया जा चुका है। परियोजना की प्रगति की नियमित समीक्षा विभिन्न स्तरों पर कार्यान्वयन एजेंसियों, बिहार सरकार और संबंधित हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) के साथ की जाती है

*****